स्थापित किये जाने से संबंधित समस्त कार्य इंडियन आयल कारपोरेशन को सौंपा गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या कारपोरेशन द्वारा इस तेल शोधक कारखाने की स्थापना के लिये धन संबंधी आवश्यक प्रबंध कर लिये गये हैं ;

(ग) यदि हां, तो तेल शोधक कारखाने का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसमें उत्पादन शुरू करने के लिये क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है ;

(घ) क्या करनाल तेल शोधक कारखाने की परियोजना लागत में हाल में संशोधन किया गया है ; और

(ङ) यदि हां, तो लागत की राशि में कितना अन्तर है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ङ) मौजूदा निर्णय के अनुसार करनाल रिफानरी इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा लगाई जानी है । इस निर्णय को क्रियान्वित करने वाली कार्यविधि तैयार की जा रही है। इस परियोजना के वित्तपोषण के प्रबंध और इसे क्रियान्वित करने का कार्यक्रम सरकार के अंतिम अनुमोदन पर निर्भर करता है। संशोधित संभाव्यता रिपोर्ट के अनुसार परियोजना की लागत में लगभग 955 करोड़ रुपये की वृद्धि होने का अनुमान है।

Billing system of DESU

*210. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL; Will the Minister of POWER, AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES be pleased to state:

4. (a) whether the DESU has recently taken measures *to* attend *to* the billing complaints of consumers by installing teltninal system at the district level.

(b) if so, the details thereof;

(c) whether the present billing system! of the DESU is computerised and totally defective; and

(d) if so, whether Government propose to simplify the billing system of DESU and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (SHRl KALP NATH RAI); (a) to (d) At present the consumer billing system of DESU is computerised and is working satisfactorily. DESU has installed computer terminals in its 23 district Offices out of 24 District Offices to facilitate transmission and retrieval of the data relating to the electricity bills to and from the main Computet Centre. This facilitates in prompt attendance | redressal of the complaints regarding electricity bills. The present computerised billing system is functioning effectively. The position is reviewed from time t_0 time by DESU in the light of the suggestions received form **fho pnncilmare otn**

वर्तमान परिवहन प्रणाली में सुधार कम्प्रेस्ड प्राकृतिक गैस का उपयोग

*210क डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :
श्री राम जेठमलानी :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में वर्तमान परिवहन प्रणाली को सुधारने के लिये बसों और ट्रकों इत्यादि में पेट्रोल और डीजल के स्थान पर कम्प्रेस्ड प्राकृतिक गैस का प्रयोग करने के प्रयास किये जा रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और अब तक क्या परिणाम प्राप्त हुये हैं ; और